सं.3105/28/2016-बीसी-III
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 11 अगस्त, 2023

सेवा में,

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल,

विगत वर्षों में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय को नागरिक समाज के सदस्यों से टीवी चैनलों पर सांकेतिक भाषा व्याख्या के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह/कमेंट्री के प्रसारण तक श्रवण बाधितों की पहुंच की सुविधा प्रदान करने के अनुरोध प्राप्त होते रहे हैं ताकि वे भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवस पर इस गौरवशाली समारोह का हिस्सा बन सकें।

2. भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संदेश का सीधा प्रसारण स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या अर्थात 14 अगस्त, 2023 (सोमवार) को शाम 07:00 बजे किया जाएगा। ध्वजारोहण समारोह और माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का 15 अगस्त, 2023 (मंगलवार) को लाल किले की प्राचीर से पूरे दूरदर्शन नेटवर्क पर सुबह 06:15 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल आयोजनों की फीड निःशुल्क प्रसारित कर सकते हैं। इसके अलावा, डीडी भारती चैनल श्रवण बाधित लोगों तक पहुंच प्रदान करने के लिए इन आयोजनों की सांकेतिक भाषा में व्याख्या के साथ प्रसारण करेगा।

3. आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह/कमेंट्री का सीधा प्रसारण करने में रुचि रखने वाले सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल दिव्यांगजनों के लाभ के लिए सांकेतिक भाषा व्याख्या के साथ डीडी न्यूज/डीडी-नेशनल और डीडी भारती के सिग्नल प्रसारित करके और आयोजन को उनके लिए सुलभ बना सकते हैं।

हस्ता-/-

[वृंदा मनोहर देसाई]
निदेशक (बीसी)
दूरभाष:23386394

प्रतिलिपि: केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत पंजीकृत टीवी चैनलों के सभी स्व-विनियामक निकाय।